

हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology)
Consultant Intervational Cardiology
परामर्श समय - प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 272 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 16 जुलाई 2024 | मूल्य 2 रुपया



आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648


मजदूरों के लिए बने एक्ट का उड़ा रहा मखौल, शिकायत में जांच का परिणाम नहीं आता सामने...

## मजदूरों की जगह मशीन से काम!

### मस्टर की वास्तविक जांच में कोताही, कई बार उठ चुकी हैं मनरेगा में गड़बड़ी



**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मनरेगा एक्ट यानी काम मांगने के अधिकार के नियमों का मखौल उड़ रहा है। मनरेगा के तहत होने वाले कार्यों को मजदूरों से नहीं करवाकर मशीनों से कराया जा रहा है। बावजूद इसके इसकी जांच करने वालों को कोई लेना –देना नहीं दिखता है। मस्टर में नाम मजदूरों के लिखे होते हैं और भुगतान कोई और ले जाता है। इसके अलावा मजदूरों को तय पगार पाने का एक अधिकार है जिस पर भी कुछ ठेकेदारों द्वारा डाका डाला जा रहा है। मजदूरों के हक पर डाका डालने के बावजूद प्रशासन ने अभी तक कार्रवाई करने में रुचि नहीं दिखाई।

शहर में अनेक कारखाने खुल गए हैं। इन कारखानों में हजारों की संख्या में मजदूर कार्यरत है। इसके साथ ही दुकानों, होटलों और अन्य जगह भी मजदूरों से दिन रात काम लिया जा रहा है, लेकिन जब मजदूरी देने का समय आता है तब उनके हक पर डाका डालने में ठेकेदार व कारखाना मालिक हिचक नहीं रहे हैं। इस बात की जानकारी प्रशासन को भी है और श्रम विभाग को भी, लेकिन सभी ने मौन धारण कर लिया है। महात्मा गांधी के नाम से केंद्र सरकार ने मनरेगा योजना चलाकर इसे कानून बना दिया कि साल में निश्चित दिन का काम मांगने का अधिकार है। यह अधिकार भी दो वक्त की रोटी के आगे निराधार साबित हो रहा है। यहां तक जिन मजदूरों से काम कराया जा रहा है उन्हें मजदूरी भी तय मजदूरी के हिसाब से मिल रही है कि नहीं, इसकी भी जांच की दरकार है।

#### जिले में उठ चुकी हैं मनरेगा में गड़बड़ियां...

मजदूर दिवस पर मजदूरों के हित में बात की जाए तो जिले की 445 से ज्यादा ग्राम पंचायतों में थोड़ी बहुत ही ग्राम पंचायत बाकी रही होंगी, जिनमें मजदूरों का शोषण नहीं किया गया हो। कई बार इसमें गड़बड़ियां सामने आ गए हैं। प्रशासन ने कार्रवाई के नाम पर नोटिस दिया और कर्मचारी को इधर से उधर कर दिया। ठोस कार्रवाई नहीं होने की एवज में आज भी मजदूरों का शोषण बदस्तूर जारी है।

#### रोज लगती है मंडी, बिकते हैं मजदूर...

शहर के कालाखेत, संजीत नाका, घंटाघर क्षेत्र सहित कई इलाकों में हर रोज सवेरे मजदूरों की मंडी लगती है। इस मंडी में मजदूर बिकते देखे जा सकते हैं। ठेकेदार आता है और मजदूरों की बोली लगा देता है। जिस मजदूर ने अपने हित की बात कही तो उसे काम नहीं दिया जाता है। अपने परिवार के गुजर बसर की चक्की में पीसता गरीब मजदूर जो मजदूरी मिलती है, उसे ही अपना भाग्य समझ कर कठोर परिश्रम में लग जाता है।

#### ट्रांसपोर्ट मालिक कर रहे शोषण...

सड़कों पर काम करने वाले मजदूरों को देखा जाए, तो अनेक ट्रांसपोर्ट मालिक हम्मालों का शोषण करते हैं। जिस पर भी जिम्मेदारों का ध्यान आज तक नहीं गया है। बताते हैं कि शहर में ऐसे ही एक ट्रांसपोर्टर द्वारा मजदूरों के मेहनताने आदि में सेंधमारी की थी। इसकी शिकायत इंदौर में बैठे असली सेठ को हुई। अपने स्तर पर छानबीन की, जिसके बाद इंदौर के सेठ ने मौखिक अनुबंध निरस्त कर दिया। इसके बाद से संबंधित एक तरह से ट्रांसपोर्ट बंद हो गया है।

#### गिट्टी क्रेशर प्लांट पर दुर्घटना में हुई थी मजदूर की मौत...

पिछले महीने संजीत रोड स्थित एक गिट्टी क्रेशर प्लांट में कार्य करते समय मजदूर की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मजदूर नीमच का निवासी था। बताते हैं कि दुर्घटना क्रेशर प्लांट पर हुई थी। यशोधर्मन नगर थाने में इस संबंध में मर्ग भी कायम हुआ। जांच की गति धीमी रखी जाती रही। बयान भी काफी दिनों बाद लिए गए। जिसके बाद गिट्टी के ढेर से गिरना निरुपित हुआ। यानी गलती मजदूर की रही।

तीस लाख बीघा से हुई तीन करोड़ रुपए बीघा...

## एक्सप्रेस वे: कृषि भूमियों ने उगला धन



**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे के बनने के बाद इससे लगी कृषि भूमियों ने मानों धन उगल दिया। नीमच में मंदसौर की जिस सीमा से एक्सप्रेस-वे निकल रहा, वहां पहले कृषि भूमि के दाम 30 लाख रुपए बीघा थे। अब 3 करोड़ रुपए बीघा तक हो गए हैं। यहीं धार में झाबुआ जिले की सीमा से लगी कृषि भूमि की है। वहीं अलीराजपुर में झाबुआ जिले की जिस सीमा से हाईवे निकल रहा है, वहां भी 30 लाख रुपए तक प्रति बीघा वाले भाव अब करीब डेढ़ से दो करोड़ रुपए बीघा हो गए हैं।

रतलाम, झाबुआ और मंदसौर में एक्सप्रेस-वे क्या बना, जमीन के दाम सोने से ज्यादा महंगे हो गए। एक्सप्रेस-वे के आसपास के दाम तो बढ़े ही, अब आसपास के जिलों की कृषि भूमि भी हीरे-मोती जैसी महंगी हो रही है। एक्सप्रेस-वे के एंट्री और एग्जिट वाले रोड के साथ पड़ोस के जिलों पर इसका सबसे अधिक असर हुआ है। कल तक जो जमीन मिट्टी के दाम थी, अब वो सोना उगल रही है। जमीन की कीमतों का ये पहाड़ा अब सीधे-सीधे तीन दूनी छह बोल रहा है।दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और औद्योगिक निवेश क्षेत्र ने एक बड़े इलाके के किसानों की दशा और दिशा को बदल दिया है। झाबुआ, मंदसौर और रतलाम जिले से निकल रहे एक्सप्रेस-वे की जिस दिन नींव रखी थी, उसी दिन से जमीनों की कीमत में उछाल आना शुरू हो गया था। एक्सप्रेस-वे बनने के बाद नीमच, धार और अलीराजपुर में भी इसका असर हुआ है। जैसे-जैसे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे रफ्तार पकड़ता जा रहा है, वैसे-वैसे पड़ोस के तीन जिलों में भी प्रापर्टी कारोबार में तेजी आती जा रही है।

#### प्रॉपर्टी बाजार में बूम...

एक्सप्रेस-वे के एंट्री और एग्जिट रोड से लगी जमीनों के दाम इतने बढ़ गए हैं कि प्रदेश की औद्योगिक राजधानी इंदौर भी पीछे दिखाई दे रही है! दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे मध्य प्रदेश में करीब 240 किलोमीटर क्षेत्र में बना है। यह मंदसौर, रतलाम और झाबुआ जिले से निकल रहा है। रतलाम जिले में इस एक्सप्रेस-वे पर दो एंट्री और एग्जिट प्वाइंट हैं।

#### यहां आसमान छू रहे जमीनों के दाम...

प्रापर्टी कारोबारियों के अनुसार एक्सप्रेस-वे पर एंट्री और एग्जिट करने वाले पॉइंट के साथ इसकी सीमा वाले जिले में भी जमीनों के दाम अब करोड़ों में हैं। भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए जमीन की कीमत यहां तीस लाख से लेकर डेढ से दो करोड़ रुपए प्रति बीघा तक पहुंच गई है। हाईवे से लगी जमीनों के दामों में आई तेजी का असर ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि की कीमतों पर भी पड़ा है। यहां भी अब शासकीय गाइड लाइन से कई गुना अधिक दामों पर जमीनों के सौदे हो रहे हैं।।

कलेक्टोरेट पहुंचने के लिए ही नहीं तैयार कर सके रुट...

## मेडिकल कॉलेज तैयार, पहुंचेगे कैसे..?

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। सालों बाद भी कलेक्टोरेट तक पहुंचने के लिए साधनों का इंतजाम नहीं कर सके। यहां तक जाने के लिए आठ से दस गुना किराया देकर जाना मजबूरी बना हुआ है। अब मेडिकल कॉलेज इस सत्र से शुरु हो जाएगा। लेकिन, महत्वपूर्ण बात यह है कि यहां पहुंचने के लिए भी मैजिक वाहनों का रुट तैयार नहीं है। ऐसे में लोगों को मेडिकल कॉलेज पहुंचने के लिए आठ से दस गुना ज्यादा रुपया खर्च करना होगा।**

नए कलेक्टोरेट-मेडिकल कॉलेज रूट पर परमिट व किराया निर्धारण का लंबे समय से क्षेत्रवासियों व अन्य लोगों को इंतजार है। दरें तय ना होने से अभी जो वाहन चलन में हैं उनमें से अधिकांश 8 से 10 गुना तक किराया लेते हैं।परिवहन विभाग ने यूं तो शहर में 4 रूटों पर मैजिक वाहनों के संचालन के परमिट दे रखे हैं और प्रति सवारी के मान से 10 रुपए शुल्क निर्धारित कर रखा है। वहीं 5वें रूट के लिए अगर विभाग व प्रशासन नए कलेक्टोरेट मार्ग तक वाहनों को परमिट दे तो जनता पर आर्थिक भार बचेगा। नए कलेक्टोरेट भवन, तहसील कार्यालय में प्रतिदिन 250 से अधिक लोग जरूरी कामों के लिए आते हैं। खासकर मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान तो संख्या 400 के पार हो जाती है। इसी रूट पर जल्द ही का मेडिकल कॉलेज चालू होने की तैयारी है। अब इसी परिक्षेत्र में यशनगर, केशवकुंज, मेघदूत तरह नगर जैसी अन्य कॉलोनियां भी हैं। ऐसे में यदि वाहनों का किराया निर्धारण हो तो बड़ी आबादी को राहत मिल सकती है। आपको बता दे कि गरोठ-भानपुरा तक के लोग यहां काम के सिलसिले में आते हैं। वहां से का मंदसौर तक आने के किराए से ज्यादा तो ऑटो वाले बस स्टैंड से कलेक्ट्रेट जाने का वसूल लेते हैं। कलेक्टोरेट क्षेत्र में कई कॉलोनियां बस चुकी है। लोगों की मांग है कि न्यूनतम शुल्क वाले वाहन चलना चाहिए।

चोरी गए नकदी और गहने में हुआ इजाफा, थाने के पास नहीं पहुंची पूरी सूची...

## बंगले पर चोरी का सुराग जुटाने में कोतवाली पुलिस नाकाम!

### गश्त पर उठे सवाल, फिर भी जारी है कोताही, सुबह ही मिल गई थी वारदात सूचना

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** दशरथ नगर अमीरों की बसाहट वाला क्षेत्र है। इसी नगर में मांगलिक भवन के सामने रहने वाले सराफा व्यापारी अभय पोरवाल के बंगले प चोरी की वारदात की गई है। यह चोरी छोटी नहीं बल्कि बड़ी मानी गई है। रविवार को जहां चोरी गया मशरूका ढाई लाख गहने व डेढ़ लाख नकदी आया था, वहींसोमवार को परिजनों के मंदसौर आने पर चोरी गए माल में इजाफा हुआ है। कितने रकम और रूपयों की वास्तविक चोरी हुई है, इसकी लिस्ट कोतवाली पुलिस के पास नहीं पहुंची है। उधर, बताते हैं कि चोरी का पता सुबह 5.30 बजे बाद घरवालों को चल गया था, जिसके बाद में पुलिस को भी सूचना मिल गई थी। बावजूद इसके घटना के दूसरे दिन सोमवार रात्रि तक कोतवाली पुलिस के हाथ चोरी को ट्रेस करने में खाली रहे। यहां तक सुराग जुटाने में भी कोतवाली के कारिन्दे नाकाम दिखाई दे रहे हैं। केवल सायबर सेल से क्लू मिलने की उम्मीद लगाई जा रही है। वहीं केमरे खंगाले जा रहे हैं, जिसमें संदिग्धों की पड़ताल कर बदमाशों को खोजने की हिमाकत जारी है।

दशरथ नगर में बंगले पर चोरी होने के बाद शहर में होने वाली रात्रि गश्ती पर सवाल उठे थे। सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश पारिख ने भी गश्त नहीं होने को आड़े हाथों लिया था। इसके बाद भी रात्रि गश्त में कोताही दिखाई दे रही है। यह तो तय है कि बदमाशों की टीम अंधेरे में ही चोरी कर भागी है। पटरी क्षेत्र से चोर भागे हैं अथवा कहीं ओर से यह अंदाजा लगाना बाकी है। पुलिस डॉग की मदद से छानबीन की गई थी, जिसमें भी कुछ ज्यादा हासिल नहीं हो सका है। बता दें कि बंगले पर घर के अन्य सदस्य भी अपने–अपने कमरे में सो रहे थे, तब चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। बदमाश लोहे की तिजोरी को बाहर उठाकर ले गए और खाली खेत की जमीन पर तिजोरी में माल ढूंढकर ले गए। यह और बात है कि बंगले पर सीसीटीवी केमरे नहीं थे। ऐसे में आसपास के केमरों की फूटेज खंगाल कर संदिग्धों की पड़ताल की जा रही है। तिजोरी का जिस प्रकार से चाबी से ताला खोला है, उससे अंदेशा है कि चोरी की घटना में कोई न कोई जानकार हो सकता है। शनिवार रात्रि में परिजन भी एक कार्यक्रम में भोजन करने गए थे। रात्रि करीब 10.30 बजे सभी बंगले पर आ गए थे। चोरी की वारदात भी रात्रि 11.30 बजे से सुबह 5.30 बजे के पूर्व की है। यानी बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए बकायदा रैकी भी की है।

#### शहर में खजाने में सेंधमारी सहित कई हो चुकी है बड़ी चोरियां...

बता दें कि बीते वर्षों में शहर के कोर्ट क्षेत्र में खजाने में चोरी की वारदात हो चुकी है। सशस्त्र जवानों की तैनाती के समय भी चोरी की इस घटना में पुलिस के हाथ आज तक खाली ही रहे हैं। वहीं पशुपतिनाथ मंदिर पर कई किलो वजनी चांदी का छत्र भी चोरी हुआ था, जो भूलभूलैया में पहुंच गया है। एक जननेता के घर भी चोरी ट्रेस नहीं हो पाई है।

#### इनका कहना...

सोमवार रात्रि तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। हम पतारसी में प्रयत्नशील हैं। केमरे खंगाले गए हैं। पुराने बदमाशों की भी छानबीन की जा रही है।

**सतनामसिंह, सीएसपी, मंदसौर**

## इंजेक्शन से हुआ इंफेक्शन, बच्चे की मृत्यु

**भानपुरा, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। ग्राम लौटखेड़ी में ढाई वर्ष के बच्चे की तबियत यही के एक डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के बाद हुए इंफेक्शन से बिगड़ गई। भवानी मंडी और फिर कोटा में ईलाज के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। पिता ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई है।**

पुलिस को दौलतराम पिता बालचंद गायरी निवासी लौटखेड़ी ने शिकायत की कि दस–बारह दिन पहले उसके लड़के धर्मराज ढाई वर्ष को बुखार आया था। इससे वह डॉक्टर कारुलाल पिता रामचंद्र धाकड़ निवासी लौटखेड़ी के क्लीनिक पर ले गया। तीन दिन तक कारुलाल डॉक्टर ने उसके लड़के का ईलाज किया। डॉक्टर ने मेरे लड़के को इंजेक्शन लगाया, जिससे कमर में इंफेक्शन हो गया। इससे बच्चे की तबियत और खराब हो गई। तबियत बिगड़ने पर वह बच्चे को लेकर भवानीमंडी स्थित निजी अस्पताल 8 जुलाई को ले गया था। यहां 14 जुलाई तक ईलाज चला। इसके बाद कोटा रैफर किया गया। लेकिन, यहां सोमवार को ईलाज के दौरान बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।



## बारिश की बेरुखी, कई जगहों पर हैंडपम्प बना सहारा

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर में बारिश न के बराबर हुई है। उमस अभी भी बरकरार है। जुलाई माह आधा बीत गया है। बारिश होने की उम्मीद लगी हुई है। बारिश की बेरुखी से कई जगहों पर हैंडपंप के भरोसे आमजन हो गए हैं। जो हैंडपंप पूर्व में काम में नहीं आ रहे थे, वह दिन–रात चलने लगे हैं।

बता दें कि शहर के जीवागंज में तो पानी को लेकर अभी कोई समस्या नहीं है, लेकिन आने वाले दिनों में बारिश नहीं हुई तो यहां समस्या बढ़ सकती है। वहीं शहर के बालागज क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा हैं। इससे रहवासी हैंडपंप के भरोसे हो गए हैं। पानी को लेकर अभी ज्यादा खींचतान तो नहीं है। उधर, 20 जुलाई तक नगर पालिका ने वर्तमान स्थिति में ही नलों से पेयजल वितरित करने का निर्णय लिया था। नपा का मानना है कि इस दौरान बारिश हो जाएगी तो स्थिति सामान्य हो जाएगी।

#### प्रतापगढ़ क्षेत्र में पानी गिरने से भी आएगा शिवना में पानी...

वैसे 15 जुलाई के बाद झमाझम बारिश होने की उम्मीद लगाई जा रही है। लेकिन, यदि इस बीच अच्छी बारिश नहीं हुई और शिवना नदी में पानी नहीं आया तो नगर पालिका के लिए भी यह परेशानी भरा रहेगा। 20 जुलाई के बाद फिर से नपा का जलकल अमला समीक्षा कर सकता है। बता दें कि शिवना नदी में पानी की आवक प्रतापगढ़ क्षेत्र से होती रही है। प्रतापगढ़ क्षेत्र में पानी अच्छा गिर जाए तो शिवना नदी में पानी आ सकता है। लेकिन, उस क्षेत्र... **शेष पेज 4 पर**

एमओएस को लेकर जिला प्रशासन व नपा के अधिकारी ने दिखाई सक्रियता...

## होटल सम्राट में पहुंची प्रशासनिक टीम, स्वतः तुड़वाया निर्माण

### शहर में कई जगह एमओएस का उल्लंघन कर तन रही इमारतें, यहां भी झांकने की जरूरत



**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्टेशन रोड स्थित होटल सम्राट में एमओएस की बात को लेकर सोमवार को सरकारी अधिकारी पहुंचे। यहां पर होटल मालिक ने स्वतः ही निर्माण कार्य को तुड़वाना शुरू कराया है।

होटल सम्राट के बाहर सुबह सीएमओ सुधीर कुमार सिंह व प्रभारी तहसीलदार सोनिका सिंह व अन्य कर्मचारी पहुंचे थे। होटल मालिक से बात की, इसके बाद होटल मालिक संजय राठौर द्वारा चिन्हित निर्माण कार्य को तुड़वाने का कार्य शुरू कराया। होटल मालिक वर्तमान में भाजपा से जुड़े हुए हैं।

उधर, शहर में कई जगह एमओएस का उल्लंघन होने की बात सामने आई है। वर्तमान में कई इमारतें भी एमओएस के उल्लंघन करते तन रही है। प्रशासनिक टीम को यहां भी झांकने की जरूरत समझी जाने लगी है। निर्माण कार्य की कितनी अनुमति दी गई है, और कितने में निर्माण कार्य हो रहा है, यह स्थिति भी सार्वजनिक होने की दरकार है। नगर पालिका के इंजीनियर और कर्मचारी की कार्यप्रणाली शंकाओं के घेरे में है। लोगों का कहना है कि एमओएस के उल्लंघन को लेकर अधिकारियों की ऐसी सक्रियता अन्य मामलों में भी दिखाई देनी चाहिए, ताकि शहर का यातायात सुगम हो सके।

#### कई जगह दुकानों के बाहर गैलरी को भी घेरा...

शहर में जमीन के अतिक्रमण की बात करें तो कई जगह दुकानें पूर्व में बनाई गई थी। इन दुकानों के बाहर गैलरी नुमा जगह छोड़ी गई। लोगों ने इस गैलरी पर भी कब्जा कर दुकान को आगे तक कर लिया है। यानी जितनी जगह की दुकान आवंटित है, उतनी जगह और घेर ली गई है। घेरी जगह के बाहर बराबर शटर भी लटका दिया गया है।

परिवार पर कर्ज का बहाना बनाकर लिए ढाई लाख रूपए, विश्वास जमाया...

## तीसरे दिन लूटेरी दुल्हन नकदी व जेवर लेकर फरार

### पहले से निकली शादीशुदा, एक संतान भी सामने आई, सभी 5 आरोपी फरार

**पिपलियामंडी, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। नारायणगढ़ थाने के ग्राम बूढ़ा में एक लूटेरी दुल्हन मंदिर में शादी कर तीन दिन में ही घर से जेवर व नकदी लेकर फरार हो गई। उसने और साथियों ने पहले विश्वास जमाया फिर योजना के अनुसार कार्य किया। ढाई लाख रूपए का दुल्हन के परिवार पर कर्ज होने का बहाना बनाकर ऐंठे। तीन दिन तक युवक के परिवार में विश्वास जमाया। पति से शॉपिंग कराई बाद में घर में रखी जेवर व नकदी लेकर फरार हो गई, पुलिस ने गिरोह के पांच जनों पर प्रकरण दर्ज किया है।**



नारायणगढ़ पुलिस के अनुसार बूढ़ा निवासी घनश्याम पिता सुरेश पाटीदार ने थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी मुलाकात मेरे मित्र गर्रावद निवासी सुरेश पिता दरियासिंह चौहान से हुई। सुरेश ने करीब एक वर्ष पूर्व इन्दौर की रहने वाली कीर्ति ठाकुर से शादी की थी। मैंने भी मेरी शादी के लिये मेरे मित्र से बोला था कि कोई लड़की हो तो बताना। सुरेश ने उसकी पत्नी कीर्ति से बातचीत की तो कीर्ति ने उसकी परिचीत ममता ठाकुर निवासी अरविन्दो हॉस्पिटल के पास इन्दौर से मोबाइल पर कॉल कर शादी के सम्बन्ध मे बातचीत की। उसके बाद ममता ठाकुर ने मेरी शादी के लिये एक लड़की की फोटो भेजी तो मैंने शादी के लिये हाँ कर दी थी। 9 जुलाई 2024 को रात्रि 10 बजे ममता ठाकुर अपने साथ लड़की प्रतिभा पिता जगदीश चौधरी निवासी नेहरु नगर इन्दौर, उसके साथ एक महिला जिसने अपना नाम डोली निवासी इन्दौर की होकर प्रतिभा की मौसी होना बताया था, एक अन्य महिला जिसने अपना नाम ज्योति निवासी इन्दौर की होकर प्रतिभा की बहन होना बताया था, एक अन्य महिला जो अपने आप को प्रतिभा चौधरी की माँ लक्ष्मीबाई चौधरी बता रही थी। ये पांचो मेरे घर ग्राम बूढा आई, उसके बाद ममता ठाकुर, प्रतिभा चौधरी व उसकी मां लक्ष्मीबाई ने मुझे कहा कि प्रतिभा के घर की स्थिति ठीक नही है तथा कर्ज भी है तथा पति की दुर्घटना में मौत हो चुकी है। यदि तुम हमें ढाई लाख रुपये देते हो तो तुम्हारी शादी करने के लिये तैयार है। मैने ढाई लाख रुपये देने की हां कर दी, उसके बाद सभी उस दिन मेरे घर पर ही रात रुके थे, फिर अगले दिन 10 जुलाई को मैने व प्रतिभा चौधरी ने उसके साथ आई ममता ठाकुर, डोली, ज्योति व उसकी मां लक्ष्मीबाई तथा मेरे परिवार के लोगो के साथ मंदिर मे शादी कर ली तथा नारायणगढ में विवाह अनुबन्ध लिखवाया था। उसके बाद प्रतिभा चौधरी की माँ लक्ष्मीबाई, ममता ठाकुर व डोली एवं ज्योति को मैने ढाई लाख रुपये दिये थे। पैसे लेकर वह सभी चले गए तथा प्रतिभा चौधरी मेरे साथ बूढ़ा गांव में ही रुक गई। इस बीच उसको मैंने शॉपिंग भी कराई। 12 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे प्रतिभा चौधरी मेरे द्वारा दी गई ज्वेलरी व नगदी लेकर मेरे घर से बिना बताये चली गई, उसके बाद मैने प्रतिभा चौधरी की तलाश इन्दौर जाकर उसके बताये पते पर की तो नही मिली तथा ममता, डोली, ज्योति एंव उसकी मां लक्ष्मीबाई भी उनके द्वारा बताये पते पर नही मिली। मैंने तलाश की तो पता चला कि लूटेरी दुल्हन शादीशुदा है और उसके 13 साल का बेटा भी है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी प्रतिभा चौधरी, ममता ठाकुर, ज्योति, डोली व लक्ष्मीबाई उर्फ रामप्यारी उर्फ सोनू के खिलाफ धारा 319 (2) 336 (3) 340 (2) में प्रकरण दर्ज किया। सभी आरोपी फरार है।

# सेमलिया काजी में जल जीवन मिशन ठेकेदार की लापरवाही

## नल जल योजना के पाइप 3 फीट गहराई की बजाय, आधा फीट ही डालें, वाहन निकलने पर पाइप एवं नल क्षतिग्रस्त होंगे



**सेमलियाकाजी, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भारत सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में हर घर तक नल से पानी पहुंचाने के लिए नल जल योजना लागू की। कई जगह कार्य धीमा किया जा रहा। तो कहीं जगह लापरवाही बरतनी की भी जानकारी मिल रही। जल जीवन मिशन के ठेकेदार लाइन डालने में भी लापरवाही बरत रहे। कई जगह लाइन बिछा दी। नल कनेक्शन दे दिए। पर आज तक टोटियां नहीं लगाई गई। इस कारण पानी व्यर्थ बहता रहता है।

सेमलिया काजी में भी, इसी तरह पाइपलाइन गहराई में ना डालते हुए ऊपर ही डाल दी। नियमानुसार एक मीटर तक गहरी डालना थी। पर 6 इंच गहरी ही डाली। जहां पक्की सड़क खुदाई कर लाइन बिछाई। वहाँ पर 8 इंच तो आरसीसी करना थी। यहां आरसीसी 2 से 3 इंच ही हो पाएगी। यह लापरवाही गांव में सेमलिया काजी से मुंडला मार्ग पर करीब 300 फीट लंबाई में है। वहीं सरपंच प्रतिनिधि मात्र 4 से 5 फीट पर ही बता रहे। सेमलिया काजी के पंच श्यामलाल राठौर, मुकेश राठौर, गोविंदसिंह, ईश्वर लाल राठौर, किशोर ,सुरेश, जगदीश आदि ग्रामीणों ने बताया कि नल के लिए डाली गई पाइपलाइन को जब आरसीसी बनाने के लिए मिट्टी अलग की गई। तो पाइप लाइन महज तीन ,चार इंच ही गहरी दिखी। ठेकेदार द्वारा लापरवाही पूर्वक कार्य किया। जहां पाइपलाइन डाली उस पर 8 इंच आरसीसी करना होगी। पर यहां तो पाइप लाइन ही 6 इंच के करीब ही डाली। इस हिसाब से दो से तीन इंच ही आईसीसी होगी। जो की वाहन निकालने से ही क्षतिग्रस्त हो जाएगी। और नल कनेक्शन भी टूट जाएंगे। यह समस्या सेमलिया काजी मुंडला मार्ग पर करीब 300 फीट लंबाई पर है। ठेकेदार को तत्काल लाइन को नियमानुसार गहराई में डालना होगी। नहीं तो बार-बार टूट-फूट की समस्या होती रहेगी। वहीं मामले में सरपंच प्रतिनिधि भरत दास बैरागी ने बताया, चार-पांच फीट पर लाइन ऊपर है। जहां पाइप ऊपर दिख रहे हैं। उसके नीचे मेंन लाइन डाली गई। इस कारण पाइप ऊपर दिख रहे हैं। ठेकेदार को अवगत करा दिया। इंजीनियर ने उक्त जगह आरसीसी अच्छी करने की बोला है। मामले में इंजीनियर सिद्धार्थ पांडे ने बताया ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली। मौके पर जाकर देखा है। मेरे कार्यकाल में लाइन नहीं डाली। में नया हूं। पिछले इंजीनियर ने ध्यान नहीं दिया। जहां-जहां पाइप लाइन ऊपर दिख रही। उसे ठीक करवाता हूं।

## जन अभियान परिषद ने कोलवा में औषधीय पौधे लगाये

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंडव जिला मंदसौर द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार 15 जुलाई को जन अभियान परिषद से चयनित नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था सेक्टर डिगांवमाली द्वारा ग्राम पंचायत कोलवा के ग्राम निरधारी में आंगनवाड़ी प्रांगण में औषधीय पोंधे आंवला, नीम, कणज, अशोक ,पीपल पौधारोपण किया गया। इस दौरान संस्था के कार्यक्रम समन्वयक दिनेश सोलंकी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कृष्ण कुंवर, आंगनवाड़ी सहयोगी भवानी मीणा, पैरालेगल वालंटियर उषा सोलंकी और बच्चे उपस्थित रहे।

## भाजपा विधि प्रकोष्ठ की प्रादेशिक कार्यशाला भोपाल में सम्पन्न

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा से जुड़े प्रदेश भर के 600 से अधिक पदाधिकारी व वकील की उपस्थिति में भोपाल प्रदेश कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई

आम आदमी को त्वरित न्याय दिलाने तथा देश में प्रचलित कानून को समसामयिक स्थिति के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1973, भारतीय दंड संहिता 1860, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा पारित किए गए नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, दिनांक 1 जुलाई 2024 से संपूर्ण देश में लागू किया जा चुके हैं। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एवं इंदौर संभाग प्रभारी अधिवक्ता देवेंद्र सिंह यादव ने बताया केंद्र सरकार द्वारा पारित किए गए जनहितैषी इन तीनों नए कानून के प्रति आभार कार्यक्रम एवं प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय विधिक कार्यशाला/ संगोष्ठी का आयोजन भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश द्वारा प्रदेश संयोजक श्री मनोज द्विवेदी के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश कार्यालय भोपाल में दिनांक 13 जुलाई 2024 शनिवार को प्रदेश भर से आमंत्रित 600 से अधिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। आयोजित कार्यशाला में तीनो नए कानूनों के मुख्य बिंदुओं पर सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति श्री रोहित आर्य जी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश कार्यालय मंत्री राघवेंद्र शर्मा, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी ने सम्बोधित कर उपस्थिति कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश के सभी सह संयोजक गण दिलीप अवस्थी, देवेंद्र सिंह यादव, अशोक विश्वकर्मा, चंद्रेश द्विवेदी, अजय पटेल, विवेक शर्मा, शैलेश बरुआ, रघुवंश प्रताप सिंह, मनीष पारिख अजय श्रीवास्तव, रोशन कुर्मी मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल के सदस्य इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, हाई कोर्ट बार के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल हुवे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया हुआ। अतिथियों का स्वागत भोपाल जिला विधि प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत द्विवेदी, मीडिया प्रभारी गोविंद सिंह बैस, इंदौर जिला संयोजक निमेष पाठक भोपाल जिला संयोजक, मलखान सिंह, सहसंयोजक अमन गर्ग, सहित अन्य पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किये गए। उक्त जानकारी विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक आशीष गौड़ ने दी।

## नपाध्यक्ष से बलिदानी पन्नाधाय की मूर्ति मंदसौर शहर में लगाने की मांग-गुर्जर



**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर के अंदर सभी धर्म के महापुरुषों की मूर्ति अलग-अलग चौराहों स्थानों पर स्थापित है लेकिन गौरवशाली इतिहास रखने वाले गुर्जर समाज के किसी भी महापुरुष की मूर्ति पूरे शहर में कहीं पर भी स्थापित नहीं है इसी बात को इंगित करते हुए अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेश उपाध्यष विजय गुर्जर ने नगर पालिका अध्यक्ष रमा देवी गुर्जर से मांग करी है कि गुर्जर समाज की सर्वोच्च बलिदान पन्नाधाय की मूर्ति मंदसौर शहर में किसी भी चौराहे पर या स्थान पर स्थापित की जाए।

आगे गुर्जर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय गुर्जर ने बताया है कि गुर्जर समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है गुर्जर प्रतिहार एवं राजवंश था जिसने आठवीं शताब्दी के मध्य से 11वीं शताब्दी तक भारत के अधिकांश भाग पर शासन किया है इसी गौरवशाली इतिहास के साथ पन्नाधाय को सर्वोच्च बलिदानी के लिए जाना जाता है जिन्होंने अपने एकमात्र पुत्र का बलिदान देकर मेवाड़ राज्य के कुलदीपक उदय सिंह की रक्षा करी थी मेवाड़ के इतिहास में जिस गौरव के साथ प्रात: स्मरणीय महाराणा प्रताप को याद किया जाता है उसी गौरव के साथ पन्नाधाय गुर्जर का नाम भी लिया जाता है जिसने स्वामीभक्ति को सर्वोपरि मानते हुए अपने पुत्र चंदन गुर्जर का बलिदान दे दिया था इतिहास में पन्नाधाय का नाम स्वामी भक्ति के लिए प्रसिद्ध है विश्व इतिहास में पन्नाधाय के त्याग जैसा दूसरा दृष्टांत अनुपलब्ध है। अंत में विजय गुर्जर ने नपा अध्यक्ष से मांग करी है कि सर्वोच्च बलिदान के लिए जाने जानी वाली गुर्जर समाज की रानी पन्नाधाय की मूर्ति मंदसौर शहर में स्थापित कर गौरवशाली गुर्जर समाज को मंदसौर शहर में सम्मान दिलाने का कार्य किया जाए

## भगवान ने श्री पशुपतिनाथ के रूप में अवतरित होकर मंदसौर को तीर्थ नगरी के रूप में प्रतिष्ठित किया

### श्री चैतन्य आश्रम मेनपुरिया में शिवमहापुराण कथा से शुभारंभ हुआ गुरू पूर्णिमा महोत्सव





**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्री चैतन्य आश्रम मेनपुरिया में गुरू पूर्णिमा कथा से हुआ श्रीपुराण का वाचन आश्रम के युवाचार्य व्यासपीठ विराजित स्वामी श्री मणी महेश चैतन्य जी महाराज के मुखारविन्द से हो रहा है।

प्रारंभ में आश्रम स्थित संतों के समाधि मंदिरों में विराजित श्री विग्रह का पूजन अर्चन हुआ। पूजा विधि आचार्य पंडित विष्णुलाल व्यास धारियाखेड़ी ने सम्पन्न करवाई। पौथी पूजन आरती मुख्य यजमान ओमप्रकाश पारिख भीलवाड़ा, लोकन्यास अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, कोषाध्यक्ष महेश गर्ग, वरिष्ठ ट्रस्टी भेरूलाल कुमावत भालोट, रामचन्द्र कुमावत कुलथाना, प्रद्युम्न शर्मा, बंशीलाल टांक आदि द्वारा किया गया तथा शुभारंभ में स्वामी महेश चैतन्यजी महाराज भगवान पशुपतिनाथ के अष्टमुखी स्वरूपों का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ ने पशुपतिनाथ के रूप में अवतरित होकर मंदसौर को एक महान तीर्थ नगरी के रूप में प्रतिष्ठित कर दिया है। आपने भगवान भोलेनाथ की महिमा बताते हुए कहा कि जो भगवान शिवजी पर बिलपत्र आदि से पूजा नहीं कर सकते परन्तु यदि तीन बार पूर्ण श्रद्धा विश्वास भक्ति के साथ महादेव-महादेव-महादेव इस प्रकार नाम उच्चारण कर लेता है उस पर भगवान भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न हो जाते है। कथा का समय प्रतिदिन कथा का समय प्रतिदिन दिन को 12 से 4 बजे तक का है कथा का समापन 20 जुलाई को होगा व 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जावेगा।

## ग्राम पंचायतों में मृत पशुओं को उठाने और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें-जैन

### कलेक्टर ने की ई-जनसुनवाई, पांच ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की सुनी समस्याएं



**नीमच, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मृत पशुओं को उठाने और उनके परिवहन की जनपद पंचायतें और ग्राम पंचायतें व्यपवस्था सुनिश्चित करे। मृत पशुओं को उठाने की दरे भी निर्धारित करें। यह देखे कि सम्बंधित ठेकेदार ग्रामीणों से मृत पशुओं को उठाने के लिए निर्धारित दर से अधिक राशि वसूल ना करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सोमवार को ई-जनसुनवाई में पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीणों की समस्याओं से वीडियों काफ्रेंसिंग के माध्यम से रूबरू होते हुए दिए। इस मौके पर विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

ई-जनसुनवाई में कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने ग्राम खडावदा में निर्माणाधीन आंगनवाडी केंद्र भवन का शेष कार्य पूरा करवाकर नये भवन में आंगनवाडी का संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए। गांव बिसलवास कलां में बिजली के छोटे खम्बो पर बडी लाईन से हो रही समस्या ओं का समाधान करने के निर्देश में म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कम्प नी के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने गांव बिसलवासकलां में रास्ता विवाद होने और गांव के रास्ते में पानी भरा होने की शिकायत पर तहसीलदार एवं जनपद सीईओ को मौके पर जाकर, ग्रामीणों की समस्या का समाधान करवाने और रास्ता विवाद का तत्काल हल करने के निर्देश दिए। कानाखेडा के उपसरपंच श्री राजू नागदा ने कानाखेडा में एक नवीन आंगनवाडी केंद्र भवन निर्माण और ग्राम बिसलवास बामनिया में एक नयी आंगनवाडी खोलने की मांग पर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए, कि वे आबादी एवं बच्चों के मान से नवीन आंगनवाडी केंद्र खोलने के प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजे। कानाखेडा के ग्रामीणों ने गांव के प्राथमिक विद्यालय से विद्युत पोल हटवाने तथा ग्राम पंचायत कानाखेडा के पुराने पंचायत भवन एवं पंचायत की जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को गांव में जाकर मौका निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि जिन विभागों के गांवों में भवन या जमीन है, वे उन्हेंर सुरक्षित करें। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक के अधिकारियों को गिरदौडा से कानाखेडा सडक की मरम्मत करवाने और प्राथमिक स्कूल कानाखेडा में जमा हो रहे पानी की निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। उन्होने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र भवन की मरम्मरत करवाने, तथा ग्राम पंचायत को अ.ज.जा.बस्ती में सी.सी., खरंजे निर्माण का प्रस्ता व बनाकर आदिम जाति कल्याण विभाग को भिजवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री जैन ने कानाखेडा के पथ पर सब्जी विक्रेता मन्नालाल नागदा को स्ट्रीट वेण्डर पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश पंचायत सचिव को दिए। साथ ही खाद्य विभाग को निर्देश दिए कि वे मन्नालाल नागदा को खाद्यान्न पात्रता पर्ची जारी करवाये। इस ई-जनसुनवाई में कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने ग्राम पंचायत हरवार, भरभडिया, बिसलवासकलां, कानाखेडा एवं ग्राम पंचायत अडमालिया के ग्रामीणों से वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

## जिले में अब तक 152.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 152.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 5.6 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 1.0 मि.मी., सीतामऊमें 6.4 मि.मी. सुवासरा में 0 मि.मी., गरोठ में 25.2 मि.मी., भानपुरा में 0 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 14.0 मि.मी., धुधंड़का में 10.0 मि.मी., शामगढ़ में 4.6 मि.मी., संजीत में 1.0 मि.मी., कयामपुर में 0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 0 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अबतक वर्षामापक केन्द्र मंदसौर में 76.0 मि.मी., सीतामऊमें 109.4 मि.मी. सुवासरा में 165.3 मि.मी., गरोठ में 194.9 मि.मी., भानपुरा में 167.4 मि.मी., मल्हारगढ़मे 60.0 मि.मी., धुधंड़का में 116.0 मि.मी., शामगढ़ में 256.0 मि.मी., संजीत में 185.0 मि.मी., कयामपुर में 158.5 मि.मी. एवं भावगढ़ में 194.0 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1293.82 फीट है।

## नगर में 3 दिन छोड़कर होगा जल प्रदाय


**पिपलियामंडी, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद् द्वारा 3 दिन छोड़कर पेयजल प्रदान करने के बाद पेयजल को लेकर नगवासी परेशान हो रहे है, इसी क्रम में सामाजिक कार्यकर्ता भगतराम डाबी ने उनके कुए से नि:शुल्क देने की घोषणा की है। नेता प्रतिपक्ष सरफराज मेव, कांग्रेस पार्षद पार्षद बाबू मन्सूरी, भूपेन्द्र महावर, मनोहर सोनी आदि ने जल संकट को लेकर डाबी से मुलाकात की व उनके कुए से नप को पेयजल उपलब्ध कराने की बात की।

**नप अध्यक्ष ने की अपील:-** इधर नप अध्यक्ष इंदिरा सुनील देवरिया, उपाध्यक्ष भारतसिंह सोनगरा, सीएमओ प्रवीण सने ने बताया वर्तमान में अवर्षा के कारण जल संकट गहरा गया है, साथ ही निकाय के पेयजल स्त्रोतों में भी लगातार जलस्तर गिर रहा है, जलप्रदाय कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन अथक प्रयास किए जा रहे है, लेकिन बरसात की लंबी खेंच के कारण पेयजल व्यवस्था को निरंतर यथावत रखा जाना संभव नही है, एसी स्थिति में 14 जुलाई से नगर में 2 के बजाए 3 दिन छोड़कर पेयजल प्रदान शुरु कर दिया है। आमजन धैर्य बनाए रखे व सहयोग प्रदान करे।

## केप्सुल वाहन पलटा

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** ऐट लेन पर एक केप्सुल वाहन के पलटने से चालक गंभीर घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार हादसा चायखेडी के पास हुआ। यहां एक केप्सुल वाहन का टॉयर अचानक फट गया। जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घायल चालक को अस्पताल ले जाया गया।

## गरोठ घटना में डूबे बच्चों की पुकार...



क्यों हमको मारा है
जब किसी ने मुझे
हवा में उछाला
दौड़ी थी छोड़कर
मां मुंह का निवाला।
फिर अपने ही हाथों से
पानी में क्यों डाला है
डूबते हुए मां तुझको
कई बार पुकारा है।
निकलेगी जान कैसे
यह नहीं विचारा है।
क्या दोष हमारा है
क्यों हमको मारा है।

**नंदकिशोर राठौर, मंदसौर**



## चन्द्रपुरा निवासियों ने अच्छी बारिश की कामना को लेकर उजमनी मनाई

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय वार्ड नं. 26 चन्द्रपुरा निवासियों ने उजमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठजनों ने एकत्रित होकर भगवान की पूजा अर्चना की तथा भगवान से अच्छी वर्षा की कामना की। क्षेत्रवासियों ने हिंगलाज माता मंदिर चंद्रपुरा ने हवन पूजन कर आरती का कार्यक्रम भी किया।

क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी ने कहा कि मंदसौर सहित अंचल में अभी तक झमाझम बारिश नहीं हुई जिससे किसान, व्यापारी, आमजन सभी चिंतित है। भगवान को प्रसन्न करने हेतु हवन पूजन कर कच्चा भोजन बनाकर ग्रहण किया जिससे इन्द्रदेव क्षेत्र में अच्छी बारिश करें। इस अवसर पर प्रमुख सोहन सिंह भदोरिया, रामलक्ष्मण राठौड़, शिवनारायण माली, पटेल सुरेश माली, जगदीश सूर्यवंशी, केशवसिंह कालूलाल माली, राजू माली, बद्रीलाल माली, राजू माली, गणपत माली, कांतिलाल माली, किशोर माली, रूपचंद माली, रश्मिनारायण दमामी, गोपाल शर्मा, माधवलाल माली, नंदलाल धनोतिया, जितेंद्र माली, भुरालाल माली, पंडित दिनेश शर्मा सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## मलेरिया प्रतिरोधात्मक होम्योपैथिक औषधि वितरण आज से

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** आयुक्त संचालनालय आयुष भोपाल के निर्देशन में जिला आयुष अधिकारी डॉ. कमलेश धनोतिया द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024 में मलेरिया रोग की रोकथाम के लिये मलेरिया प्रतिरोधात्मक होम्योपैथिक औषधियॉ मलेरिया ऑफ-200 का वितरण किया जाना है। जिसके लिये प्रथम चरण 16 जुलाई से 23 जुलाई एवं 30 जुलाई को, द्वितीय चरण 13 अगस्त से 20 अगस्त एवं 27 अगस्त 2024 को रोग प्रभावित क्षैत्रों में प्रत्येक परिवार के प्रति सदस्य को होम्योपैथी रोग प्रतिरोधक औषधि मलेरिया ऑफ-200 की एक-एक खुराक खिलाई जाएगी। जिसके लिये डॉ. लोकेश बिर्ले होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 29 | 2450 | 2541 |
| उड़द | 9 | 4000 | 7501 |
| सोयाबीन | 4000 | 3790 | 4470 |
| गैहु | 3000 | 2601 | 3151 |
| चना | 251 | 5501 | 6501 |
| मसुर | 108 | 5501 | 6133 |
| धनिया | 130 | 4801 | 6900 |
| लहसुन | 12300 | 7000 | 21000 |
| मैथी | 500 | 4900 | 5851 |
| अलसी | 800 | 5701 | 6065 |
| सरसो | 225 | 4910 | 5349 |
| तारामीरा | 0000 | 00000 | 00000 |
| इसबगोल | 50 | 10000 | 12900 |
| प्याज | 2238 | 1081 | 2700 |
| कलोंजी | 12 | 8181 | 17000 |
| डॉलर | 20 | 7000 | 9502 |
| तिल्ली | 83 | 10700 | 12339 |
| मटरसुखी | 3 | 4991 | 6162 |
| असालीया | 63 | 10101 | 10931 |


दिनांक 16 जुलाई 2024

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे- ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**

**क्या आप जानते है..?**



ज्योतिष शास्त्र अनुसार सूर्य जातक की आत्मा-मान-सम्मान-पद-प्रतिष्ठा- स्वाभिमान- पैतृक संपत्ति का कारक है,अत: जिस जातक की जन्म कुंडली में सूर्य ग्रह अच्छा है वह व्यक्ति सुख संपन्न समाज मे अपनी अलग ही छाप छोड़ने वाला तथा प्रतिष्ठित व्यक्ति होगा।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720


## कार्यालय कलेक्टर जिला मंदसौर (म.प्र.) एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

ई.क्रमांक-551/रीडर/भू-अर्जन/2024

मंदसौर, दिनांक-09.07.2024
प्रकरण क्रमांक- 0006/अ-82/2024-25

### ****** प्रारंभिक सूचना ******

(अंतर्गत धारा 11 भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013) (क्रमांक 30 सन 2013)

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूचि क्रमांक 1 मंदसौर जिले में दाब युक्त सूक्ष्म एवं वृहत सिंचाई परियोजना के लिए आवश्यक वर्णित भूमि जिसका कृषकवार/व्यक्तिवार सर्वे क्रमांक विवरण अनुसूची (2) में उल्लेखित है।

अत: भूमि अर्जन पुनर्वास और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन 2013) की धारा 11 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची (2) की भूमि अनुसूची (1) में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

**अनुसूची (1)**

**ग्राम दोबड़ा तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर**

अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा हेक्टर में

| स.क्रं. | विवरण | सिंचित | असिंचित | कुल |
|---|---|---|---|---|
| | ग्राम दोबड़ा | 0.382 | ---- | 0382 |
| | योग | 0.382 | ---- | 0382 |

**अनुसूची (2)**

**ग्राम दोबड़ा उपखण्ड मल्हारगढ़ जिला मंदसौर में आने वाली निजी भूमि का विवरण**

| स.क्रं. | प्रभावित कृषक का नाम | खसरा नं. | कुल भूमि का रकबा (हे.में) | प्रभावित भूमि सिंचित (हे.में) | असिंचित | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जगदीश पिता गंगाराम नि. ग्राम अरनियाजटिया तह. मल्हारगढ़ | 464/1 | 0.020 | 0.008 | ---- | 0.008 |
| 2 | बसंतीलाल, भंवरलाल, जगदीश पिता गंगाराम, राधाबाई बेवा गंगाराम गायरी नि. ग्राम अरनिया जटिया | 464/2 | 0.040 | 0.008 | ---- | 0.008 |
| 3 | जगन्नाथ पिता रामचंद्र गायरी नि. ग्राम अरनिया जटिया | 464/3 | 0.020 | 0.008 | ---- | 0.008 |
| 4 | प्रभुलाल पिता रामचंद्र गायरी नि. ग्राम अरनिया जटिया | 464/4 | 0.020 | 0.008 | ---- | 0.008 |
| 5 | धापूबाई पति देवीलाल गायरी नि. ग्राम अरनिया जटिया | 466/1 | 0.620 | 0.027 | ---- | 0.027 |
| 6 | रामगोपाल पिता भागीरथ नि. ग्राम दोबड़ा | 466/2 | 0.240 | 0.027 | ---- | 0.027 |
| 7 | दशरथलाल पिता नाथुलाल ब्राह्मण नि. ग्राम दोबड़ा | 470/1 | 0.034 | 0.001 | ---- | 0.001 |
| 8 | मुकेश पिता नाथुलाल ब्राह्मण नि. ग्राम दोबड़ा | 470/2 | 0.034 | 0.001 | ---- | 0.001 |
| 9 | सुरेशचंद्र पिता नाथुलाल ब्राह्मण नि. ग्राम दोबड़ा | 470/3 | 0.035 | 0.001 | ---- | 0.001 |
| 10 | जगदीश पिता गंगाराम नि. ग्राम अरनिया जटिया | 473/2 | 0.380 | 0.036 | ---- | 0.036 |
| 11 | बसंतीलाल, भंवरलाल, जगदीश पिता गंगाराम, राधाबाई बेवा गंगाराम गायरी नि. ग्राम अरनिया जटिया | 473/3 | 0.380 | 0.021 | ---- | 0.021 |
| 12 | जगन्नाथ पिता रामचंद्र गायरी नि. ग्राम अरनिया जटिया | 473/4 | 0.600 | 0.021 | ---- | 0.021 |
| 13 | मथुरीबाई बेवा अमृतराम, बंशीलाल, रमेशचंद्र, कचरीबाई, जसोदाबाई, पिता अमृतराम नि. ग्राम अरनिया जटिया | 468 | 0.190 | 0.010 | ---- | 0.010 |
| 14 | छेवीलाल पिता भुवान गायरी नि. ग्राम अरनिया जटिया | 474 | 2.830 | 0.205 | ---- | 0.205 |
| | कुल योग | किता 14 | 5.443 | 0.382 | ---- | 0.382 |

भूमि का नक्शा (प्लान) का अवलोकन कार्यालय भू अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी उपखण्ड मल्हारगढ़ के न्यायालय में देखा जा सकता है।

(दिलीप कुमार यादव)
कलेक्टर, जिला मंदसौर (म.प्र.)
एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग

G-13571/24

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

## मामला दो बेटे व दो बेटियों के साथ मां के कुएं में छलांग लगाने का...
## बच्चों की मौत पर आरोपी बना पिता नहीं मिल पाया

**गरोठ, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** गरोठ थाने के ग्राम पीपलखेड़ा में रविवार सुबह जो घटना हुई थी, उसे लोग भुला नहीं पाए हैं। दो बेटियों और दो बेटों सहित मां ने कुंए में छलांग लगाई थी। मां तो बच गई, लेकिन चारों बच्चे नहीं बच पाए थे। इस मामले में पुलिस ने पिता रोडूसिंह बंजारा को आरोपी बनाया है। वह फरार है, जिसे सोमवार तक पुलिस ढूंढ नहीं पाई है। एक टीम रोडूसिंह को खोजने में लगाई गई है।

बता दें कि आरोपी बने रोडूसिंह बंजारा कम्बल आदि बेचने का कार्य करने के चलते बाहर शहरों में जाता था। शनिवार को वह बाहर से गांव पीपलखेड़ा आया। रात्रि में शराब पीकर आया और साथ में मटन भी लाया। घर पर मटन बनाया। इस दौरान उसने अपनी पत्नी सुगनाबाई के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उसने उसे घर से भी बाहर निकाला था। सुगनाबाई अपने चारों बच्चों के साथ आंगनवाड़ी केंद्र में रात्रि में ठहरी। सुबह भाई को फोन लगाकर घटना की जानकारी दी और बाद में कुएं में बच्चों सहित छलांग लगाई थी। घटना में मां सुगनाबाई की हालत ठीक है, लेकिन घटनाक्रम को हवा देने में उसके पति रोडूसिंह की भूमिका रही है। जो पुलिस की तलाशी में मिल नहीं पाया है।

## पेड़ पर लटका मिला युवक, मृत्यु

**भानपुरा, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा थाने के तहत ग्राम करमदीखेड़ा में सोमवार सुबह एक युवक पेड़ से लटका मिला। फंदे लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सरदारसिंह पिता बापूसिंह सौंधिया ने शिकातय की कि उसका भाई मानसिंह पिता बापूसिंह सौंधिया को पिताजी ने पेड़ पर लटका देखा था। रात्रि में हम सब सो गए थे। सुबह पिताजी जब खेत पर गए तब उन्होंने फंदे की रस्सी दराते से काट दी थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

**ट्रेन से कटा युवक, शिनाख्त बाकी**–भानपुरा थाने की भैंसोदामंडी चौकी के तहत एक युवक ट्रेन से कट गया। सोमवार देर शाम हुई घटना में युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# साठिया समुदाय और कालाखेत: अतिक्रमण की समस्या पर विश्लेषण



कालाखेत क्षेत्र में सठिया समुदाय का अतिक्रमण एक जटिल और बहुआयामी समस्या है। इस समस्या का समाधान केवल कानूनी और प्रशासनिक तरीकों से नहीं हो सकता, बल्कि इसमें राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं का भी ध्यान रखना आवश्यक है। इस लेख में हम सठिया समुदाय के कालाखेत में बसे रहने के पीछे के कारणों, इसमें राजनीतिक और प्रशासनिक भूमिका, और इसके समाधान की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

**सठिया समुदाय का इतिहास और वर्तमान स्थिति**–सठिया समुदाय का इतिहास लंबे समय से अतिक्रमण और विस्थापन की कहानियों से जुड़ा रहा है। इस समुदाय के लोगों की संख्या समय के साथ बढ़ती गई है और वे धीरे-धीरे कालाखेत क्षेत्र में स्थायी रूप से बसते गए हैं। प्रारंभ में इनकी संख्या कम थी, लेकिन सामाजिक संगठनों और कार्यकर्ताओं की सहायता से इन्हें सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए गए, जिससे इनका आत्मविश्वास बढ़ा और इनकी संख्या में वृद्धि हुई।

**राजनीतिक और प्रशासनिक भूमिका**–सठिया समुदाय के कालाखेत में बसे रहने के पीछे राजनीतिक और प्रशासनिक समर्थन की भूमिका महत्वपूर्ण है। बिना राजनीतिक और प्रशासनिक इच्छा शक्ति के, किसी भी समुदाय का इस प्रकार का अतिक्रमण संभव नहीं हो सकता।

**राजनीतिक समर्थन**–राजनेता और सामाजिक कार्यकर्ता अक्सर अपने राजनीतिक लाभ के लिए ऐसे समुदायों का समर्थन करते हैं। चुनावी मौसम में वोट बैंक की राजनीति के तहत इन्हें समर्थन देना और उनके अधिकारों की रक्षा करना आम बात है। राजनीतिक दलों के लिए इन समुदायों का समर्थन हासिल करना महत्वपूर्ण होता है, जिससे वे इनके मुद्दों पर खुलकर नहीं बोलते और उनके अतिक्रमण को अनदेखा करते हैं।

**प्रशासनिक अनदेखी**–प्रशासन की असहायता या अनदेखी भी एक प्रमुख कारण है। पुलिस और अन्य प्रशासनिक इकाइयों के पास इस प्रकार की समस्याओं से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन और समर्थन नहीं होता है। इसके अलावा, जब भी इन्हें हटाने के प्रयास किए जाते हैं, तो सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दबाव के चलते प्रशासन को पीछे हटना पड़ता है।

**सामाजिक संगठनों का प्रभाव**–सामाजिक संगठनों ने सठिया समुदाय को सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अनेक प्रयास किए हैं। इनके बीच जागरूकता कार्यक्रम और सहायताएं प्रदान की जाती हैं, जिससे समुदाय का मनोबल बढ़ता है। लेकिन इसके साथ ही, ये संगठन इनकी समस्याओं को अधिक गंभीरता से लेते हैं, जिससे प्रशासन और पुलिस के लिए इन्हें हटाना और भी मुश्किल हो जाता है।

**संघर्ष और अशांति**–कालाखेत क्षेत्र में सठिया समुदाय के बीच अक्सर झगड़े और संघर्ष होते रहते हैं। हाल ही में हुए दो गुटों के बीच संघर्ष में पत्थरबाजी और लाठीचार्ज की घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं में कई वाहनों को नुकसान हुआ और पुलिस को भी शिकायतें मिलीं। लेकिन पुलिस भी इन मामलों में अक्सर असहाय महसूस करती है क्योंकि उन्हें भी राजनीतिक और सामाजिक दबाव का सामना करना पड़ता है।

**समस्या का समाधान**–इस समस्या का समाधान केवल कानूनी और प्रशासनिक तरीकों से नहीं हो सकता। इसके लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक पहलुओं को समाहित किया जाए।

**राजनीतिक इच्छा शक्ति**–राजनेताओं को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना होगा और वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठकर ठोस कदम उठाने होंगे।

**सामाजिक संगठनों की भागीदारी**–सामाजिक संगठनों को भी इस समस्या के समाधान में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्हें समुदाय के बीच जागरूकता फैलानी होगी और इन्हें वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराने में मदद करनी होगी।

**प्रशासनिक सुधार**–प्रशासन को भी इस समस्या से निपटने के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी और पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने होंगे।


**समुदाय का समावेशन**–सठिया समुदाय को सामाजिक और आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों को और भी सुदृढ़ करना होगा, ताकि वे खुद ही इस अतिक्रमण को छोड़कर एक बेहतर जीवन की ओर अग्रसर हों। कालाखेत क्षेत्र में सठिया समुदाय का अतिक्रमण एक जटिल समस्या है, जिसका समाधान केवल कानूनी और प्रशासनिक तरीकों से संभव नहीं है। इसके लिए राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक पहलुओं का समन्वय आवश्यक है। जब तक इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया जाएगा और ठोस कदम नहीं उठाए जाएंगे, तब तक इस समस्या का समाधान संभव नहीं हो पाएगा।

**–नेमीचंद राठौर, मंदसौर**

# अच्छी वर्षा के लिए तलाई वाले बालाजी के दरबार दो दिवसीय आयोजन

## 16 को भगवान शिव का अभिषेक और 17 को होगा पर्जन्य यज्ञ

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** आधा जुलाई बीतने बाद भी बारिश की कमी से जूझ रहे मंदसौर जिले समेत मालवांचल में अच्छी वर्षा के लिए मंदसौर के श्री तलाई वाले बालाजी के दरबार में 16 व 17 जुलाई को दो दिनी आयोजन होंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश सोमानी व पंडित एड. धीरेन्द्र त्रिवेदी ने बताया कि 16 जुलाई को श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिवजी का अभिषेक प्रात: 9 से 11 बजे तक और प्रात: 11 से 2 बजे तक दो चरणों में होंगा। दूसरे दिन 17 जुलाई को बालाजी मंदिर पर पर्जन्य यज्ञ होंगा। पर्जन्य यज्ञ भी प्रात: 8:30 से दोपहर 12:30 बजे तक और दोपहर 2 से सायंकाल 5:30 बजे तक दो चरणों में होंगा। बालाजी मंदिर पर होने वाले धार्मिक आयोजन आचार्य पंडित डॉ. देवेंद्रजी शास्त्री के साथ ही आचार्य गण सर्वश्री पंडित नारायण जी शर्मा, पंडित जितेंद्र जी शर्मा, पंडित राहुल शर्मा (वैद विद्यापीठ, बरुजनी, राजस्थान) के आचार्यत्व में होंगे। उल्लेखनीय है कि आज से 18 साल पूर्व भी मन्दसौर समेत क्षेत्र में वर्षा नहीं होने पर भगवान श्री तलाईवाले बालाजी के दरबार में पर्जन्य यज्ञ हुआ था। जिससे इंद्र देव प्रसन्न हुए थे और 64 इंच बारिश मंदसौर में हुई थी। श्री बालाजी मंदिर समिति ट्रस्ट ने समस्त बालाजी भक्तजनों से अच्छी बारिश के लिए होने वाले धार्मिक आयोजनों में शामिल होने का आग्रह किया हैं।



## प्रेम-प्रसंग के चलते 27 वर्षीय व्यक्ति ने लगाई फांसी, हुई मृत्यु

**मनासा, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के मनासा में आज अल सुबह एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाने का घटनाक्रम घटित हुआ मनासा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जसवंत पिता मांगीलाल पूर्बिया उम्र 27 वर्ष निवासी धोबी गली मनासा के रहने वाले व्यक्ति ने अपने घर के कमरे की छत के कड़े पर अपने गमछे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली परिजन जब जसवंत के कमरे में पहुंचे तब उन्हें वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ दिखाई दिया परिजनों द्वारा मानसा पुलिस को सूचना दी गई जिस पर पुलिस ने जसवंत को फंदे से नीचे उतारा और शासकीय चिकित्सालय मनासा ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा देखे जाने पर उसकी मृत्यु होना बताया गया वही प्रारंभिक जांच में मनासा पुलिस द्वारा बताया गया कि मामला प्रेम- प्रसंग का प्रतीत होता है और जसवंत के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है उक्त घटनाक्रम के मामले में मनासा पुलिस का जांच अनुसंधान अभी जारी है।

## लंबित मांगों के निराकरण की मांग, सीएम को सौंपा ज्ञापन

**पिपलियामंडी, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** लंबित मांगों 9 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग को लेकर पेंशनर महासंघ पिपलियामंडी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम अनुविभागीय अधिकारी राहुल वर्मा को ज्ञापन सौंपा। इसमें नारायणगढ़, बूढ़ा व मल्हारगढ़ ईकाई के पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद रहे। इस अवसर पर महासंघ के जिलाध्यक्ष अशोक रामावत, पिपलियामंडी नगर अध्यक्ष पंकज शर्मा, छगनलाल तंवर, कोमल बनवार, बालाराम पाटीदार, बगदीराम गुप्ता, कन्हैयालाल कारपेंटर, फतेहसिंह चोहान, करणसिंह चोहान, महेन्द्र वर्मा, देवीलाल व्यास आदि उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस का उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण किया



**मनासा, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय गृहमंत्री के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री जी के द्वारा 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस का उद्घाटन समारोह दिनांक 14 जुलाई 2024 को दोपहर 2:00 बजे से 3:25 तक अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवम वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर के प्रांगण में आयोजित हुवा इस उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण शा.रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय के छत्रपति शिवाजी सभागृह में किया गया।

उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. एल धाकड ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराया जाए एवं प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं विद्यार्थी पुस्तक सहायता केंद्र स्थापित किया जा रहा है डॉ.अनिल जैन द्वारा कहा गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष में ही मध्य प्रदेश में 55 प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस का उन्नयन हुआ है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. सुदेश कलम ने बताया कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति जो कि गुरु शिष्य के मधुर संबंधों पर आधारित थी इसे आज पुन स्थापित करना चाहिए ।उपरोक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर सुमित मेडा एवं डॉ.स्मिता रावत, डॉ. आमोद शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रोफेसर अरुण चौरसिया द्वारा कार्यक्रम का आभार माना गया।

## गाडगिल सागर डेम पर लगी विद्युत मोटर चोरी

**पिपलियामंडी, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** काका गाडगिल सागर डेम पर लगी विद्युत मोटर चोरी हो गई। पुलिस के अनुसार भैसाखेड़ा निवासी चौकीदार मुकेश गौड़ ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रात्रि में अज्ञात बदमाश कमरे का ताला तोड़कर डेम के जनरेटर को चालू करने के लिए लगी एक्साइड की बैटरी व सायरन चोरी कर ले गए। बैटरी की कीमत करीब 35 हजार रुपए थी। पुलिस ने केस दर्ज किया। इधर एक अन्य मामले में भैंसाखेड़ा निवासी राकेश गौड़ ने शिकायत दर्ज कराई कि बाड़े में रखी 12 हजार रुपए की 5 हॉर्सपावर की पनडुब्बी मोटर रात्रि में अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

## सरकारी राशन दुकानों पर धांधली रोकने की कवायद...
# स्मार्ट पीडीएस सिस्टम से होगा काम

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी राशन दुकानों पर धांधली रोकने की कवायद शुरु हो गई है। स्मार्ट पीडीएस सिस्टम के लागू होते ही एक उपभोक्ता का दो जगह नाम नहीं रह सकेगा। इसमें सॉफ्टवेयर से नामों का मिलान होगा। साथ ही, अपात्र लोगों को इस लिस्ट से हटाया जाएगा।

सरकार जल्द ही सूबे में स्मार्ट पीडीएस सिस्टम लागू करने वाली है। इस तकनीक से उपभोक्ताओं के डेटा को केंद्र सरकार के सॉफ्टवेयर से लिंक किया जाएगा। यही नहीं, वाहनों की निगरानी के लिए कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाया जाएगा, जो हर समय उनपर नजर रखेगी। ये प्रणाली वितरण की प्रभावशीलता में सुधार लाने में अहम योगदान निभाएगी। इस सिस्टम के लागू होते ही एक उपभोक्ता का दो जगह नाम नहीं रह सकेगा। इसमें सॉफ्टवेयर से नामों का मिलान होगा। साथ ही, अपात्र लोगों को इस लिस्ट से हटाया जाएगा।साथ ही खाद्यान्न का परिवहन करने वाले वाहनों की निगरानी के लिए कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाया जाएगा।

**वाहनों की होगी ट्रेकिंग**–इसमें खाद्यान्न ले जाने वाले वाहनों की निगरानी के लिए बनाए गए कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से यह देखा जाएगा कि खाद्यान्न ले जाने के लिए जो मार्ग निर्धारित किया है, वाहन उसी मार्ग से जा रहा है या नहीं। उसे कहीं अनावश्यक रोककर तो नहीं रखा गया है।

## स्वदेशी जागरण मंच का विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग 21 को

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्वदेशी जागरण मंच का विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग 21 जुलाई को संजय गांधी उद्यान नईआबादी मंदसौर में होने जा रहा है। इस आयोजन को लेकर स्वदेशी जागरण मंच की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कहा कि दिनांक 21 जुलाई के वर्ग को लेकर सभी कार्यों के क्रियान्वयन एवं संख्या बल पर अधिक से अधिक ध्यान दिया जाए। यह विचार वर्ग तीन सत्रों में आयोजित होगा। जिसमें नए उद्योगों पर प्रबुद्धजनों द्वारा विचार व्यक्त किये जायेंगे। बैठक में विभाग विस्तार प्रमुख दिलीप व्यास, जिला संयोजक अंकुश पालीवाल, जिला सहसंयोजक दिलीप चौधरी, महेंद्र सिंह राजावत, नगर संयोजक कनिष्क शर्मा, किशोर चौधरी, अभिजीत मंडलोई, देवेंद्र भारती, उदित जैन, भारत ओझा, जितेंद्र पाटीदार, सतीश बैरागी, गोविंद सिंह सिसोदिया व घनश्याम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बारिश की बेरुखी, कई... पेज 1 से जारी

में भी अभी झमाझम की दरकार है। शहर और प्रतापगढ़ क्षेत्र में दिन में दो या तीन इंच बारिश होने की उम्मीद भी जलकल अमले को है, ताकि आगामी जलसंकट पर निजात पाई जा सके। वर्तमान में नपा का जलकल अमला मिर्जापुरा, रामघाट व काला भाटा बांध क्षेत्र में टुकड़ों–टुकड़ों में स्टॉक में बचे पानी को संग्रहित करता नजर आ रहा है।


## कार्यालय नगर परिषद् गरोठ जिला – मंदसौर (मप्र)

क्रमांक –स्व.भा.मि./1636/2024 — गरोठ, दिनांक–15/07/2024

### ✻✻✻✻✻✻ अधिसूचना ✻✻✻✻✻✻

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् के समस्त 15 वार्डों में घर–घर से कचरा संग्रहण किया जा रहा है। नगर के सभी नागरिकों से अनुरोध है कि अपने घरों दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में कचरे का पृथकीकरण कर गीले कचरे को हरे डस्टबिन में व सूखे कचरे को नीले डस्टबिन में एकत्र कर, सेनेटरी अपशिष्ट को कचरा वाहन में लगे थर्ड बॉक्स में डाले तथा खतरनाक अपशिष्ट को कचरा वाहन में लगे चौथे बॉक्स में अलग–अलग ही डाले। घरो, दुकानो एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे व निर्माण कार्य से निकलने वाले मलबे को सड़क पर जल संरचनाओ, तालाबों, नाली, नालो, मार्ग खाली प्लाट आदि स्थानों पर ना डाले तथा पॉलीथीन की थैलियो का उपयोग, क्रय, विक्रय या भंडारण करते पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा जो निम्नानुसार है–

| क्रं. | कार्यवाही विवरण | जुर्माना राशि |
|---|---|---|
| 1 | निर्माण एवं विध्वंश कार्य से निकलने वाले मलबे को खुले में डालने पर | 100–5000 तक |
| 2 | निकाय अंतर्गत नाला, नाली, कुए, तालाब एवं अन्य जल स्त्रोत में कचरा डालने पर | 100–5000 तक |
| 3 | डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में गीले एवं सूखे कचरे को पृथक–पृथक नहीं देने पर | 100–5000 तक |
| 4 | नगर में पॉलीथीन या प्लास्टिक की थैलियो का उपयोग क्रय विक्रय या भडारण करते पाये जाने पर | 100–5000 तक |
| 5 | आवारा पशुओं को सडक पर छोडकर गंदगी करने पर एवं मार्ग पर घुमते पाए जाने पर पशु मालिको पर | 100–5000 तक |
| 6 | चौक कचरा उत्पादको (50 किलो से अधिक) द्वारा कचरे का निष्पादन स्वयं नहीं करने पर प्रतिदिन | 100–5000 तक |
| 7 | सार्वजनिक स्थल, रहवासी क्षेत्रों एवं व्यवसायिक क्षेत्रों मुख्य मार्ग पर थुकने व गंदगी फैलाने पर | 100–5000 तक |
| 8 | व्यवसायिक दुकानों/संस्थाओं द्वारा झाडू लगाने के उपरान्त एकत्रित कचरे को दुकानों के आस–पास कचरा फेकने एवं गंदगी करने पर | 100–5000 तक |
| 9 | सार्वजनिक स्थल एवं खुले में शौच व पेशाब करने पर | 100–5000 तक |
| 10 | कचरा जलाकर पर्यावरण प्रदूषण करने पर | 100–5000 तक |
| 11 | अन्य विविध प्रकार के प्रदूषण फैलाने एवं गन्दगी करने पर | 100–5000 तक |
| 12 | बस में बैठे यात्रियों द्वारा नगर में गंदगी फैलाने पर बस मालिको कंडक्टर आदि पर चालानी कार्यवाही | 100–5000 तक |

उपरोक्त प्रावधान संदर्भित आदेश प्रदेश के समस्त नगरपालिका निगम, नगरपालिका परिषद क्षेत्रों में प्रभावशील है एवं स्वच्छता ऐप तथा निकाय कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद गरोठ



## विजयकुमार रुनवाल एडवोकेट एवं नोटरी

कार्यालय–श्री पशुपतिनाथ मार्ग, (रुनवाल ज्वेलर्स) मंदसौर (म.प्र.) 458001
मो.–9425977480, 7999023085 — दिनांक–15.07.2024

### ✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻

सर्वसाधारण को इस जाहिर सूचना के जर्ये सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सुधीर पिता गंगाधर जी शर्मा, निवासी ए–1, गुरु कृपा विहार, पुराना पावर हाउस, मंदसौर द्वारा अजय पिता स्व. मोहनलाल जी शर्मा, निवासी पुलिस कॉलोनी, हा.मु. मकान नं. 30, पारख कॉलोनी, स्टेशन रोड, मंदसौर से उनके स्वामित्व. आधिपत्य व स्वत्व का एक तीन मंजिला आवासीय मकान जो मकान नं. 30 होकर पारख कॉलोनी, स्टेशन रोड से लगभग 600 फुट अंदर की ओर होकर वार्ड नं. 10, मंदसौर में स्थित है तथा उपरोक्त वर्णित मकान को विक्रय किये जाने का करार कर मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त विक्रेता को बयाना राशि प्रदान कर दी गई तथा जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, आदि को उक्त आवासीय मकान के सम्बंध में आपत्ति, आदि हो तो वह 07 दिन के अंदर भीतर–भीतर आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद गुजरने मियाद आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी व मेरे पक्षकार के पक्ष में उपरोक्त विक्रयपत्र का पंजीयन उपरोक्त विक्रेता द्वारा किया जोवगा। सो सूचित हो।

मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश– पूर्व में –कॉलोनी सडक, पश्चिम में– गली, उत्तर में– कालोनी सड़क, दक्षिण में–कंथालीजी का मकान, पैमाईश–पूर्व से पश्चिम–50 फुट, उत्तर से दक्षिण– पूर्व की ओर 31 फुट, पश्चिम की ओर 20.6 फुट । कुल क्षेत्रफल– 1287.90 वर्गफुट याने 119.65 वर्गमीटर है।

भवदीय
विजय कुमार रूनवाल
एडवोकेट एवं एवं पब्लिक नोटरी



## G .R.PATIDAR A DVO C AT E

L-II, 274 Kitiyani colony, Mandsaur-458002
Mobile No. 8989703971 Email:-gangarampatidar07422@gmail.com
OFFICE: 7, Nagar Palika Market, Arya Samaj Road Mandsaur
Distt. Mandsaur (M.P.)
दिनांक–15.07.2024

### ✻✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻✻

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्रीमती सुनिता पति हर्षद जी गेहलोत जाति दर्जी निवासी वार्ड नंबर 02 राम मोहल्ला सीतामऊ तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर से प्राप्त माहिती एवं निर्देशानुसार सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती सुनिता पति हर्षद जी गेहलोत जाति दर्जी के स्वामित्व व आधिपत्य का एक मकान व दुकान जो मकान नंबर 42 के हिस्से पर निर्मित होकर जिसका वार्ड नंबर 12, जिसका कुल क्षेत्रफल 140.62 वर्गफीट होकर जो कस्बा सीतामऊ तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर में स्थित है जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार है– पुर्व मे:–शांतिबाई पति श्रीनिवास जी घाटिया का मकान, पश्चिम मे:– रास्ता सदर बाजार, उत्तर मे–सुधा पति रामगोपाल जी घाटिया का मकान, दक्षिण मे:– शांतिबाई पति श्रीनिवास जी घाटिया का मकान है, पुर्व मे श्री रतनलाल पिता सर्वेराम जी घाटिया जाति महाजन के स्वामित्व व आधिपत्य का था, श्री रतनलाल जी घाटिया की मृत्यु हो जाने के पश्चात उक्त मकान रतनलाल जी के उत्तराधिकारी श्रीमती रामीबाई पति रतनलाल घाटिया जाति महाजन के नाम नगर परिषद सीतामऊ में नामंत्रित हुआ। श्रीमती रामीबाई पति रतनलाल जी घाटिया ने उक्त सम्पत्ति जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 20.12.2023 को मेरी पक्षकारा–शांतिबाई पति श्रीनिवास जी घाटिया का मकान, को विक्रय किया। उक्त सम्पत्ति पर मेरी पक्षकारा हीरानंदानी फाईनेंसियल सर्विस प्रा. लिमि. शाखा मंदसौर से हाऊस लोन प्राप्त कर रही है, जिसमे किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, आदि का कोई बोझ भार ऋण जमानत हो तो मेरे कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय प्रमाण के उपस्थित हो अन्यथा गुजरे मियाद किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी, और मेरी पक्षकार को हीरानंदानी फाईनेंसियल सर्विस प्रा. लिमि. शाखा मंदसौर ऋण अदा कर देवेगा।

भवदीय
जीआर पाटीदार एड.



## राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट

कार्यालय व निवास–207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)–458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com
क्रमांक 53/2024 — दिनांक 10.07.2024

### ✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ओमप्रकाश पिता कनीराम, जाति–गुर्जर, निवासी–ग्राम–गुर्जर बर्डिया, तहसील व जिला–मन्दसौर से आवासीय मकान ग्राम–गजुरबर्डिया, ग्राम पंचायत गुजरबर्डिया, पटवारी हल्का न. 00102, तहसील व जिला–मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलखे ई–पंजीकरण क्र. mp249392024ए1878406 दिनांक 09/07/2024 से मेरे पक्षकार अंगुरबाला पति ओमप्रकाश, जाति–गुर्जर, निवासी–ग्राम–गुर्जर बर्डिया, तहसील व जिला–मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है:– पूर्व में– नागुलाल, पश्चिम में–सत्यनारायण,उत्तर में–गोपीलाल, दक्षिण में–आम रास्ता, पैमाईश रकबा–2310 वर्ग फीट या 214.60 वर्ग मीटर,

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भूखंड क्रमांक MIG.JR-102 श्री महिपाल सिंह चुण्डावत पिता श्री प्रभात सिंह चुण्डावत को मण्डल आदेश क्रमांक 870 दिनांक 04.08.2016 द्वारा आवंटित किया गया था । उक्त भूखंड का पट्टाभिलेख दिनांक 14.12.2016 को निष्पादित किया गया था । श्री महिपाल सिंह चुण्डावत पिता श्री प्रभात सिंह चुण्डावत द्वारा उक्त भूखंड का विक्रय श्री योगेश कुमार सैनी पिता श्री जानकीलाल सैनी को कर विक्रय पत्र दिनांक 29.04.2024 को पंजीयन निष्पादित करवाया गया था । उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भूखंड का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखंड क्रमांक MIG.JR-102 गाँधी नगर मंदसौर का नामान्तरण श्री योगेश कुमार सैनी पिता श्री जानकीलाल सैनी के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/ उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक EWS.B-100 श्री विष्णु आपटे पिता श्री दत्तात्रेय आपटे को मण्डल आदेश क्रमांक 1458 दिनांक 10.05.2005 द्वारा नामांतरित किया गया था। भवन का लीज नवीनीकरण दिनांक 03.03.2022 को पंजीबद्ध किया गया था ।

श्री विष्णु आपटे पिता श्री दत्तात्रेय आपटे का स्वर्गवास दिनांक 20.03.2023 एवं इनकी पत्नी श्रीमती शेलेजा करमकर पति श्री विष्णु आपटे का स्वर्गवास दिनांक 04.02.2022 को हो जाने से इनकी दोनो पुत्रियों श्रीमती रत्ना साकरे पति श्री योगेश साकरे एवं श्रीमती दीप्ती जोशी पति श्री विजय जोशी की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री विनायक आपटे पिता स्व. श्री विष्णु आपटे अपने नाम से करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक EWS.B-100 संजीत मार्ग मंदसौर का नामान्तरण श्री विनायक आपटे पिता स्व. श्री विष्णु आपटे के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/ उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक EWS.B-152 श्रीमती ललिता पोरवाल पति श्री सुनील पोरवाल मण्डल आदेश क्रमांक 2460 दिनांक 06.10.1993 द्वारा नामांतरित किया गया था। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 14.10.1993 को पंजीबद्ध किया गया था।

श्रीमती ललिता पोरवाल पति श्री सुनील पोरवाल द्वारा उक्त भवन का दान श्री सौरभ मंडवारिया पिता श्री हरिवल्लभ मंडवारिया को कर दानपत्र दिनांक 29.05.2024 को उप–पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त दानपत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री सौरभ मंडवारिया पिता श्री हरिवल्लभ मंडवारिया अपने नाम से करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक EWS.B-152 संजीत मार्ग मंदसौर का नामान्तरण श्री सौरभ मंडवारिया पिता श्री हरिवल्लभ मंडवारिया से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in